INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

RAS

RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

मुख्य परीक्षा हेतु

भाग – 8

लोक प्रशासन + खेल एवं योग + व्यवहार एवं विधि

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**RAS (Rajasthan Administrative Service) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**Rajasthan State and Subordinate Services Combined Competitive Exams**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

Whatsapp Link- https://wa.link/uwc5lp

Online Order Link- https://bit.ly/3X6MGue

मूल्य : ₹

संस्करण : नवीनतम (2024)

	लोक प्रशासन एवं प्रबंधन की अवधारणाएँ	
क्र.सं.	अध्याय	पेज नं.
1.	प्रशासन एवं प्रबंध • अर्थ , प्रकृति एवं महत्व • विकसित एवं विकासशील समाजों में लोक प्रशासन की भूमिका • एक विषय के रूप में लोक प्रशासन का विकास • नवीन लोक प्रशासन • लोक प्रशासन के अध्ययन के प्रति अभिगम	1
2.	शक्ति, प्राधिकार, बैंधता, उत्तरदायित्व एवं प्रत्यायोजन की अवधारणाएँ	5
3.	संगठन के सिद्धांत • पदसोपान • नियंत्रण का क्षेत्र • आदेश की एकता	10
4.	प्रबंधन के कार्य • निगमित अभिशासन • सामाजिक उत्तरदायित्व • नव लोक प्रबंध के नवीन आयाम, • परिवर्तन प्रबंधन	17
5	लोक सेवा के मूल्य एवं अभिवृति • नैतिकता, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, गैर-पक्षधरता • लोक सेवा के लिए समर्पण	20

	• सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ के मध्य संबंध	
6.	प्रशासन पर नियंत्रण • विधायी, कार्यपालिका एवं न्यायिक • विभिन्न साधन एवं सीमाएँ	20
7.	राजस्थान में प्रशासनिक ढाँचा एवं प्रशासनिक संस्कृति • राज्यपाल • मुख्यमंत्री • मंत्रिपरिषद • राज्य सचिवालय • निदेशालय एवं मुख्य सचिव	25
8.	जिला प्रशासन • संगठन, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट • पुलिस अधीक्षक की भूमिका • उपखण्ड एवं तहसील प्रशासन	40
9.	विकास प्रशासन • अर्थ, क्षेत्र एवं विशेषताएँ	44
10.	राज्य मानवाधिकार आयोग, • राज्य निर्वाचन आयोग • लोकायुक्त • राजस्थान लोक सेवा आयोग • राजस्थान लोक सेवा गारन्टी अधिनियम, 2011	48

	• राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012	
	• मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न	
	खेल एवं योग	
1.	भारत एवं राजस्थान राज्य की खेल नीति	53
2.	भारतीय खेल प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद	63
3.	राष्ट्रीय एवं राजस्थान राज्य के खेल पुरस्कार	67
4.	योग- सकारात्मक जीवन पद्धति	75
5.	भारत के विख्यात खेल व्यक्तित्व • भारत के प्रमुख खिलाड़ी	89
6.	प्राथमिक उपचार एवं पुनर्वास	96
7.	भारतीय खिलाड़ियों ओलम्पिक, एशियन खेल, कॉमनवेल्थ एवं पैरा-ओलम्पिक खेल में भागीदारी	100
	• मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न	
	व्यवहार	
1.	बुद्धि • संज्ञानात्मक बुद्धि • सामाजिक और संवेगात्मक बुद्धि • सांस्कृतिक बुद्धि • आध्यात्मिक बुद्धि	125
2.	व्यक्तित्व • शीलगुण व प्रकार,	130

	• व्यक्तित्व के निर्धारक • व्यक्तित्व आंकलन	
3.	अधिगम और अभिप्रेरणा • अधिगम की शैलियां • स्मृति के प्रारूप • विस्मृति के कारण • अभिप्रेरणा का आंकलन	136
4.	प्रतिबल एवं प्रबंधन • प्रतिबल की प्रकृति • प्रकार • स्त्रोत • लक्षण एवं प्रभाव • प्रतिबल प्रबंधन • मानसिक स्वास्थ्य का प्रोत्साहन	143
	मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न	
	विधि	
1.	विधि की अवधारणा • स्वामित्व एवं कब्जा • व्यक्तित्व • दायित्व • अधिकार एवं कर्तव्य	148
2.	वर्तमान विधिक मुद्दे	152

	• सूचना का अधिकार • सूचना प्रौद्योगिकी विधि साइबर अपराध सहित ○ अवधारणा, उद्देश्य, प्रत्याशाएँ • बौद्धिक सम्पदा अधिकार ○ अवधारणा, प्रकार एवं उद्देश्य	
3.	स्त्रियों एवं बालकों के विरुद्ध अपराध • घरेलू हिंसा • कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन • लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 • बाल श्रमिकों से संबंधित विधि	153
4.	माता-पिता और वरिष्ट नागरिकों का भरण- पोषण • कल्याण अधिनियम, 2007	161
5.	राजस्थान में महत्वपूर्ण भूमि विधियां (क) राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 (ख) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955	166
	मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न	

लोक प्रशासन

अध्याय – I

प्रशासन एवं प्रबंध

लोक प्रशासन के अध्ययन प्रति अभिगम

लोक प्रशासन तथा निजी प्रशासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य लोक कल्याण व विकास करना है इस के लिए डोनम ने कहा था कि, "यदि हमारी सभ्यता असफल होती है तो इसका कारण प्रशासन कि असफलता होगी। "

प्रमुख परिभाषाएँ :-

- **फिफ़नर :-** इसके अनुसार वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मानवीय तथा भौतिक संसाधनों का संगठन तथा निर्देशन ही प्रशासन है।
- **लूथर गुलिक :-** इनके अनुसार कार्य पुरा करने के लिए निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति करना प्रशासन कहलाता है। लूथर गुलिक ने लोक प्रशासन को कार्यपालिका से जोड़ा है।
- **एल डी व्हाइड :-** इनके अनुसार "किसी उद्देश्य प्राप्ति हेतु बहुत ही कम मनुष्य का निर्देशन समन्वय तथा नियंत्रण हो उसे प्रशासन कहा जाता है।
- **विलोबी :-** कार्यपालिका, व्यवस्थापिका व न्यायपालिका के तीनों अंग सरकारी प्रशासन के रूप में कार्य करते हैं। जो लोकप्रशासन कहलाता है। लेकिन इसके संकीर्ण अर्थ में कार्यपालिका को शामिल करते हैं तथा व्यापक अर्थ में तीनों अंग शामिल होते हैं।
- **वुडरो विल्सन :-** लोकप्रशासन के जनक वुडरो विल्सन के अनुसार कानून को विस्तृत व क्रमबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करना ही लोक प्रशासन है।

लोकप्रशासन की प्रकृति :-

लोकप्रशासन के विभिन्न विचारकों के अनुसार इसकी प्रकृति अलग-अलग बताई गयी है जिसे समग्र तथा प्रबंधकीय दृष्टिकोण कहते हैं।



प्रबंधकीय विचारधारा :- लोकप्रशासन की यह एक संकीर्ण विचारधारा है जिसके अनुसार लोकप्रशासन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु केवल उच्च स्तरीय प्रबंधकों को शामिल किया जाता है जिनके निर्णय पूरे प्रशासन को प्रभावित करते हैं।
→गुलिक व साइमन प्रबंधकीय विचारधारा के समर्थक हैं।

समग्र विचारधारा :- इसके अंतर्गत लोकप्रशासन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी गतिविधियों को शामिल किया जाता है। जैसे :- उच्चस्तरीय प्रबंधक से लेकर निम्नस्तरीय लिपिक तथा सफाई कर्मचारी भी लोकप्रशासन में शामिल होते हैं। क्योंकि संगठन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सब की अपनी भूमिका होती है।
→एल. डी. व्हाइड तथा डिमोक समग्र विचारधारा के समर्थक हैं।

प्रशासन संगठन व प्रबन्धन :-



→ लोकप्रशासन में प्रशासन संगठन व प्रबन्धन की अलग-अलग भूमिका होती है।

व्यापक रूप से प्रशासन में सभी गतिविधियों को शामिल किया जाता है। जिसका उद्देश्य है संगठन व प्रबंधक के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करना।
संगठन में मानव तथा भौतिक संसाधनों का समन्वय होता है। जो लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करते हैं
प्रबन्धन में मार्ग दर्शन होता है तथा लोकप्रशासन के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं।

लोकप्रशासन सामाजिक विज्ञान:- लोकप्रशासन में लोक का अर्थ सरकार है क्योंकि जन ईच्छा के अनुसार सरकार का निर्माण होता है अतः लोकप्रशासन के सभी निर्णय तथा गतिविधियाँ जनता के ईर्द-गिर्द ही घुमती है। तथा जनता समाज का हिस्सा है। अतः लोकप्रशासन को सामाजिक विज्ञान कहते हैं।
लोकप्रशासन के समस्त कर्मचारी व अधिकारी समाज का हिस्सा है। लोक प्रशासन के अध्ययन में भी जनता को मुख्य आधार बनाया जाता है। इसलिए लोकप्रशासन में समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा होता है। जो लोकप्रशासन को प्रभावित करता है तथा लोकप्रशासन इससे प्रभावित होती है।
विज्ञान का अर्थ क्रमबद्धता व तार्किकता का होना। लोकप्रशासन भी सामाजिक विज्ञान है क्योंकि इसके निर्णयों में भी क्रमबद्धता व तार्किकता होती है। लेकिन यह क्रमबद्धता भौतिक या रसायन विज्ञान से भिन्न है।
अमेरिका में 1882 में लूट प्रणाली के चलते एक युवक ने वहाँ के राष्ट्रपति गारफील्ड की हत्या कर दी।

लोकप्रशासन प्राचीन काल से राजनीति का अभिन्न अंग रहा है लेकिन इसे एक विषय के रूप में पहचान मिलने में सदियाँ बीत गई |

कौटिल्य के अर्थशास्त्र , प्लेटो के Republic, अरस्तु के Politics तथा मैकियावली के द प्रिंस नामक ग्रंथों में लोकप्रशासन का उल्लेख मिलता है | लेकिन यह राजनीति के साथ मिला हुआ था |

18वीं शताब्दी को ऑस्ट्रिया तथा जर्मनी में जॉर्ज जिंक द्वारा कैमरलवाद आन्दोलन चलाया गया | जिसका अर्थ है सरकारी कार्यों का व्यवस्थित रूप से प्रबन्धन करना व उनमें सुधार करना | यह लोकप्रशासन के लिए सुधार आन्दोलन कहलाता है | लेकिन इसमें भी लोकप्रशासन अलग विषय नहीं बन सका |

लोकप्रशासन विज्ञान के रूप में :-

लोक प्रशासन को विज्ञान मानने के आधार निम्नलिखित हैं -

(1) लोक प्रशासन में विज्ञान की भांति शोध व अनुसंधान कार्य किया जाता है।

(2) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति वैज्ञानिक विधियों व पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है।

(3) विज्ञान की भांति लोक प्रशासन में भी सार्वभौमिक सिद्धांत हैं। जैसे - पदसोपान, कार्यविभाजन, समन्वय आदि।

(4) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति अन्तर्विषयी अध्ययन किया जाता है।

(5) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति सर्वमान्य ग्रंथ हैं। जैसे - कौटिल्य का अर्थशास्त्र, प्लेटो का रिपब्लिक आदि।

(6) लोक प्रशासक - डॉक्टर व इंजीनियरों की भांति राजनीतिज्ञों के काउंसलर के रूप में होते हैं।

Note :- लोक प्रशासन को विज्ञान के रूप में मानने के समर्थक - बिलोवी, विल्सन, मर्सन

विज्ञान के रूप में नहीं मानने के समर्थक - कोहन, मॉरिस, राबर्ट डहल।

लोक प्रशासन कला के रूप में :-

समर्थन - महादेव प्रसाद शर्मा, ग्लेडन, **टीड** आदि।.

लोक प्रशासन को कला के रूप में मानने के निम्नलिखित आधार हैं -

1. एक कलाकार में जिस प्रकार सृजनात्मक क्षमता की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार एक प्रशासक में भी सृजनात्मक क्षमता होती है।
2. जिस प्रकार किसी कलाकार द्वारा कला का प्रदर्शन उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है, उसी प्रकार एक प्रशासक द्वारा प्रशासन का संचालन उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है।
3. जिस प्रकार कला देशकाल के अनुसार परिवर्तित होती है ठीक उसी प्रकार प्रशासन का स्वरूप भी देश - काल के अनुसार परिवर्तित होता है।
4. कलाकार व प्रशासक दोनों को समय - समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।
5. जिस प्रकार एक कलाकार अभिव्यक्ति के माध्यम रंग, ब्रश, केनवास हैं। उसी प्रकार प्रशासक अपनी अभिव्यक्ति का प्रदर्शन संगठन व संगठन की नीतियों के माध्यम से करता है।

निष्कर्ष :- लोक प्रशासन न तो विशुद्ध रूप से विज्ञान है न ही विशुद्ध रूप से कला है बल्कि यह तो सामाजिक विज्ञान का निरंतर विकसित होता एक विषय है।

 # लोकप्रशासन में सुधार का दौर :- 19 वीं शताब्दी में अमेरिकी प्रशासन व नौकरशाही विश्व की सबसे भ्रष्ट नौकरशाही कहलाती है | इसे लूट प्रणाली का प्रशासन भी कहते हैं |

1882 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति गारफील्ड की अमेरिका के एक बेरोजगार युवक द्वारा हत्या करने के बाद अमेरिकी प्रशासन में सुधार शुरू हुआ |

1887 को अमेरिका के प्रोफ़ेसर वुडरो विलसन ने एक समाचार पत्र में The study of Administration (प्रशासन का अध्ययन) नामक निबंध लिखा | जिसमें प्रशासन को राजनीति से अलग करने के लिए महत्वपूर्ण तर्क लिखे गए। इस निबंध के प्रभाव से लोकप्रशासन को एक विषय के रूप में अलग पहचान मिली | इसलिए वुडरो विल्सन लोकप्रशासन के जनक कहलाते हैं।

लोक प्रशासन उद्भव के चरण :-

- **प्रथम चरण (1887-1926) :-** राजनीति प्रशासन का विभाजन (द्विविभाजन)
- **दूसरा चरण (1927-1938) :-** सिद्धांतों का निर्माण
- **तीसरा चरण (1938-1947) :-** चुनौती का युग
- **चौथा चरण (1947-1970) :-** पहचान का संकट
- **पाँचवां चरण (1970-1990) :-** लोकनीति परिप्रेक्ष्य
- **छठा चरण (1990...) :-** नव लोक प्रबंधन

प्रथम चरण (1887-1926) :- राजनीति प्रशासन का विभाजन - इस चरण की शुरुआत वुडरो विल्सन प्रशासन के अध्ययन से होती है |

यह निबंध क्वार्टरली नामक समाचार पत्र 1887 में लिखा गया था | इसके प्रभाव से लोकप्रशासन की एक स्वतंत्र विषय के रूप में नीव रखी गई | वुडरो विलसन ने इस निबंध में कहा की लोकप्रशासन को एक विज्ञान माना जाए। इससे सरकार व नौकरशाही के कार्य अधिक व्यापारिक होंगे, इससे प्रशासनिक संगठन मजबूत होंगे और सरकारी कार्य बेहतर होंगे |

वुडरो विलसन ने लोकप्रशासन को राजनीति से अलग करने के मजबूत तर्क प्रस्तुत किए |

सन् 1900 में अमेरिकी प्रोफ़ेसर फ्रेंक गुडनाऊ ने अपनी पुस्तक Politics and Administration (राजनीति व प्रशासन) में प्रशासन व राजनीति को अलग-अलग करने के प्रमुख कारण बताये।

इसने कहा राजनीति का कार्य इच्छा व्यक्त करना नीति निर्माण जबकि प्रशासन इसे क्रियान्वित करता है |

अतः फ्रेंक गुडनाऊ को अमेरिकी लोकप्रशासन का पिता कहते हैं।

एल. डी. व्हाइड – अमेरिका के प्रोफ़ेसर थे जिन्होंने 1926 को लोकप्रशासन पर प्रथम पुस्तक लिखी।

पुस्तक – Introduction to the study of Public Administrastion (लोकप्रशासन के अध्ययन का परिचय)।

दूसरा चरण (1927–1938) :- सिद्धांतों का निर्माण :- इस दौरान लोक प्रशासन के एक विषय के रूप में सिद्धांत बने।

1927 को अमेरिका के w. f. विलोवी की पुस्तक principal of public administration (लोक प्रशासन के सिद्धांत) के पश्चात इस चरण की शुरुआत हुई।

हेनरी फेयोल ने कहा की लोकप्रशासन एक निश्चित रूप से विज्ञान है जिसका प्रयोग देश व समाज में हर स्थान पर किया जा सकता है जैसे :- घर , विद्यालय , दफ्तर इत्यादि। इस चरण में लोक प्रशासन के विभिन्न सिद्धांत प्रतिपादित किए।

लोकप्रशासन विकास के इस दूसरे चरण को सिद्धांतों का स्वर्ण युग कहते हैं।

तीसरा चरण (1938–1947):- चुनौती का युग

→ 1938 में चेस्टर बर्नार्ड द्वारा अपनी पुस्तक The functions of Executive (कार्यपालिका के कार्य) में लोकप्रशासन के सिद्धांतों को चुनौती दी। इसलिए 1938 के बाद चुनौती का युद्ध शुरू हुआ।

→ एल्टन मेयो ने हाथोर्न प्रयोग द्वारा लोकप्रशासन में मानव व्यवहार का अध्ययन किया। जिसमें प्रशासन के सिद्धान्तों में समय तथा परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन पर बल दिया।

→ रॉबर्ट डहल ने कहा की लोकप्रशासन कभी विज्ञान नहीं बन सकता क्योंकि विज्ञान में सिद्धांत स्थायी होते हैं, तथा लोकप्रशासन सामाजिक परिवर्तन के साथ बदलता है। राबर्ट डहल ने लोक प्रशासन के विज्ञान बनने में तीन समस्याओं का उल्लेख किया।

(1) मूल्य (2) व्यवहार (3) परिवेश

→ हरबर्ट साइमन ने लोकप्रशासन में निर्णय निर्धारण सम्बन्धित महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें सिद्धांत स्थिर नहीं होते हैं।

चौथा चरण (1947–1970):- पहचान का संकट- सिद्धान्तों को स्वीकार न करने के कारण तथा लोकप्रशासन के विभिन्न चिंतकों द्वारा सिद्धांतों का विरोध किया गया।

जिसमें राजनीति तथा प्रशासन में अन्तर करना मुश्किल हुआ। इसलिए इसे पहचान का संकट कहते हैं।

इस दौरान लोकप्रशासन के चिन्तक दो दिशाओं में विभाजित हुए जैसे जॉन गोस ने कहा की प्रशासन व राजनीति एक है। तथा हरबर्ट साइमन ने प्रशासनिक विज्ञान को अलग विषय माना।

पाँचवां चरण (1970 – 1990):-लोकनीति परिप्रेक्ष्य-

सरकार द्वारा जनहित में किये जाने वाले कार्य लोकनीति कहलाते हैं। इस चरण में लोकनीति के विश्लेषण पर बल दिया गया। और लोकनीति में राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, प्रशासन तथा नीति विज्ञान जैसे विषयों को भी शामिल किया गया।

इस चरण में राजनीति व प्रशासन को एक समान माना गया। क्योंकि राजनीति के निर्णय लोकप्रशासन को प्रभावित करते हैं।

अमेरिकी प्रमुख चिन्तक वाल्डो ने राजनीति व प्रशासन के विभाजन को घिसा-पिटा मंच कहा।

छटा चरण (1990 से अब तक):- नव लोक प्रबन्धन - सर्वप्रथम 1990 में क्रिस्टोफर हुड ने नव लोक प्रबन्धन शब्द का इस्तेमाल किया व बताया की लोकप्रशासन में निरंतर नवीनता होना अनिवार्य है।

नव लोक प्रबन्धन के प्रमुख सिद्धांत :-

उत्प्रेरक सरकार ,उधमी सरकार, प्रतिस्पर्धा , परिणाम उन्मुख सरकार, सरकारी शक्तियों का विकेन्द्रीकरण तथा लक्ष्य को समय पर प्राप्त करना इत्यादि।

- **नवीन लोक प्रशासन**

परम्परागत लोक प्रशासन की अवधारणा का विकास मुख्यतः 1837 में हुआ था। लेकिन परम्परागत लोक प्रशासन मुख्यतः नियम बद्धता, तटस्थता एवं सुनिश्चित सिद्धांतों पर अधिक बल देता था, किन्तु अमेरिकी समाज की बेरोजगारी सामाजिक असमानता जैसी समस्याओं को प्रशासन की यह अवधारणा दूर करने में असफल रहा। इसलिए लोक प्रशासन का आधुनिक को लेकर 1960 के उत्तरार्द्ध में ड्वाइट वाल्डो के संरक्षण में हुए मिन्नोब्रुक सम्मेलन ने आधुनिक लोक प्रशासन को जन्म दिया। आधुनिक लोक प्रशासन का कल्याणकारी स्वरूप क्या होना चाहिए, को लेकर चार्ल्सवर्थ सम्मेलन हनी रिपोर्ट व मिन्नोब्रुक (1968) सम्मेलन हुआ। इन सम्मेलनों के निष्कर्ष के आधार पर ही एक नवीन लोक प्रशासन की अवधारणा का जन्म हुआ। परम्परागत लोक प्रशासन में कठोर प्रशासनिक सिद्धांतों पर अधिक बल दिया गया। परम्परागत लोक प्रशासन की मुख्यतः अवधारणा औपचारिक सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए तटस्थता के आधार पर मितव्ययता पूर्ण तरीके से अधिक से अधिक कुशलता से कार्य लोक कल्याण उन्मुख लक्ष्यों को प्राप्त करना था। किन्तु लोक प्रशासन की यह आधुनिक अवधारणा 20 वीं सदी में आम नागरिकों की समस्याओं जैसे बढ़ती सामाजिक असमानता, लोगों में बढ़ती बेरोजगारी, एवं भुखमरी जैसी समस्याओं को दूर करने में विफल हो गया।

20 वीं सदी में द्वितीय विश्व युद्ध(1 सितम्ब. 1939) एवं वियतनाम युद्ध (1 नवं. 1955) के कारण अमेरिकी समाज में लोगों को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस कारण अमेरिका के लोगों में, सामाजिक समस्याओं जैसे बढ़ती बेरोजगारी, सामाजिक असमानता के साथ - साथ मानवीय

सत्ता स्थिति गत और वैधानिक और संस्थागत होती है यह संगठन की संरचना से जुड़ी अवधारणा है।
सत्ता का निवास स्थल पदों में निहित होता है । इसका प्रभाव ऊपर से नीचे की दिशा में होता है।
सत्ता से अनिवार्यता उत्तरदायित्व का पहलू जुड़ा होता है ।
इसके विकास का आधार संगठनात्मक संरचना होती है ।
यह उच्चस्थ और निम्नस्थ के मध्य शक्ति के बंटवारे पर आधारित होती है ।
जब की शक्ति *संस्थागत के स्थान पर व्यक्तिगत आधार रखती है ।
इसका स्वरूप ना तो वैधानिक होता है ना ही स्थिति गत इससे उत्तरदायित्व जुड़ा हुआ नहीं होता ।
यह संगठन संरचना से जुड़ी अवधारणा नहीं है सत्ता के अस्तित्व पर ही शक्ति का दीर्घकाल तक अस्तित्व रह सकता है।
इसका उद्गम व्यक्तिगत होता है और व्यक्तिगत स्थिति के कारण ही अंतर भी होता है `
इसका संबंध दो व्यक्तियों के मध्य क्षमता के विभाजन से है।
वैधता :- वैधता एक मनोवैज्ञानिक तत्व है जो शासक पक्ष एवं शासित पक्ष के मध्य एक मूल्य प्रधान विश्वास एवं सहमति के रूप में प्रकट होता है।
अरस्तु ने कानून के शासन को वैधता का आधार माना था।
मैक्सबेबर के अनुसार वैधता का आधार परम्परा है।

वैधता के प्रकार :-

(1) विचारधारात्मक वैधता :- जब जनसामान्य किसी विचारधारा में विश्वास रखते हुए शासक वर्ग की सत्ता की वैधता को स्वीकार करता है।
(2) संरचनात्मक वैधता :- जब जनसामान्य शासन व्यवस्था की संरचनाओं में विश्वास रखते हैं और शासनकर्त्ता का व्यवहार भी इन संरचनाओं के अनुरूप होता है तब सत्ता को वैधता प्राप्त होती है।
(3) वैयक्तिक वैधता :- जब जनता नेता के चमत्कारिक व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसकी सत्ता की वैधता को स्वीकार करती है तो उसे व्यक्तिगत वैधता कहते हैं।

<u>वैधता की विशेषताएँ :-</u>

(i) वैधता व्यक्तिनिष्ठ न होकर विश्वासनिष्ठ है।
(ii) वैधता किसी शासन व्यवस्था के प्रति प्रमाणीकरण है।
(iii) शक्ति को वैधता के माध्यम से सत्ता में बदला जाता है।
(iv) वैधता से ही सत्ता प्रभावशाली बनती है।

शक्ति, सत्ता और वैधता में अन्तर :-

1. शक्ति भौतिक आधार प्रदान करती है, सत्ता वैधानिक आधार व वैधता नैतिक आधार प्रदान करती है।
2. ये तीनों शासन व्यवस्था के अनिवार्य तत्त्व हैं।
3. शासन संचालन में ये तीनों एक - दूसरे के अनुपूरक हैं।
4. शक्ति मूल्य निरपेक्ष है, सत्ता वैधानिक मूल्यों वाली है और वैधता नैतिक मूल्यों को मानती है।
5. सत्ता ही शक्ति तथा वैधता को जोड़ती है।
6. सत्ता के बिना शक्ति गैरकानूनी होती है किन्तु वैधता के बिना शक्ति व सत्ता दोनों ही अनैतिक होती है।

अतः इन तीनों के मध्य अन्योन्य आश्रित संबंध है।

उत्तरदायित्व :- किसी व्यक्ति के द्वारा किसी कार्य को करने, न करने, विशेष प्रकार से करने का बंधन ही उत्तरदायित्व है।

उत्तरदायित्व सत्ता के बंधन हेतु आवश्यक है, इसलिए शास्त्रीय विचारकों ने सत्ता के साथ उत्तरदायित्व को जोड़ा।
उत्तरदायित्व दो प्रकार का होता है।

(1) उत्तरदायित्व
(2) जवाबदेहिता

(5) प्रत्यायोजन :- प्रत्यायोजन संगठन का वह सिद्धांत है जिसके द्वारा उच्चाधिकारी अपने कार्यों, सत्ता व उत्तरदायित्व का हस्तांतरण अधीनस्थों को करता है।
प्रत्यायोजन का मुख्य उद्देश्य उच्चाधिकारी का कार्यभार कम करना व कार्य में विशेषीकरण प्राप्त करना है।

<u>प्रत्यायोजन के प्रकार :-</u>

(1) प्रत्यक्ष प्रत्यायोजन :- उच्चाधिकारी द्वारा अधीनस्थों को सीधे कार्यों का हस्तांतरण प्रत्यक्ष प्रत्यायोजन कहलाता है।
(2) अप्रत्यक्ष प्रत्यायोजन :- उच्चाधिकारी मध्यस्थ के माध्यम से अधीनस्थों को कार्य का हस्तांतरण करता है।
(3) लिखित प्रत्यायोजन :- यदि उच्चाधिकारी द्वारा अधीनस्थों को लिखित रूप में कार्यों का हस्तांतरण किया जाता है।
(4) मौखिक प्रत्यायोजन :- यदि उच्चाधिकारी के मौखिक आदेश द्वारा अधीनस्थों को कार्य का हस्तांतरण किया जाता है।
(5) सामान्य प्रत्यायोजन :- उच्चाधिकारी द्वारा अधीनस्थों को किसी विभाग या शाखा की सम्पूर्ण गतिविधियों का हस्तांतरण सामान्य प्रत्यायोजन है।
(6) विशिष्ट प्रत्यायोजन :- किसी विभाग या शाखा की कुछ या विशिष्ट गतिविधियों का हस्तांतरण।
(7) औपचारिक व अनौपचारिक प्रत्यायोजन :- लिखित, नियम, आदेश व प्रक्रिया के आधार पर किया गया प्रत्यायोजन औपचारिक प्रत्यायोजन कहलाता है। जबकि विभिन्न परम्पराओं व आपसी सद्भाव के आधार पर किया गया प्रत्यायोजन अनौपचारिक कहलाता है।

प्रत्यायोजन का महत्त्व/ आवश्यकता :-

1. प्रत्यायोजन द्वारा उच्चाधिकारियों का कार्यभार कम हो जाता है।
2. प्रत्यायोजन के कारण उच्चाधिकारी संगठन की अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

10. सरकारी आश्वासन संबंधी समिति
11. सामान्य प्रयोजन समिति
12. प्रश्न एवं संदर्भ समिति
13. महिला एवं बच्चों के कल्याण संबंधी समिति
14. पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी समिति
15. अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समिति
16. स्थानीय निकायों-पंचायत राजसंस्थानों की समिति
17. पर्यावरण पर समिति

- सदन में आम तौर पर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों से ये समितियां गठित की जाती हैं।
- समिति के सदस्यों का कार्यकाल आम तौर पर एक वर्ष होता है।
- सरकार के बिलों पर चयन समितियों के मामले के अलावा कोई मंत्री समिति का सदस्य नहीं हो सकता है।
- जहां तक बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का संबंध है, सदन के नेता के मामले में यह प्रावधान लागू नहीं होता है, जो मुख्यमंत्री होता है।
- आमतौर पर, इन समितियों की रिपोर्ट समितियों के अध्यक्ष द्वारा सदन में प्रस्तुत की जाती है, लेकिन अंतर सत्र में अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं।
- इन रिपोर्टों को (विशेषाधिकार समिति और बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट को छोड़कर) आमतौर पर सदन में नहीं उठाया जाता है।

राजस्थान विधान सभा भवन

- 1952 से 2000 तक सवाई मानसिंह टाउनहॉल राजस्थान विधानसभा के लिए उपयोग किया जा रहा था।
- 11 वीं विधानसभा के 5वां सत्र यहां का अंतिम सत्र था, जो 6 नवंबर, 2000 को सवाई मानसिंह टाउन हॉल में आयोजित किया गया था।
- राजस्थान विधानसभा की नई इमारत भारत में सबसे आधुनिक विधानमंडल परिसरों में से एक है।
- यह इमारत ज्योति नगर, जयपुर में एक विशाल 16.96 एकड़ परिसर में स्थित है।इस परियोजना पर काम नवंबर 1994 में शुरू हुआ और मार्च 2001 में पूरा हुआ।
- भवन का बाहरी भाग राजस्थान की प्रसिद्ध परंपरागत स्थापत्य का शानदार नमूना है।
- जोधपुर और बंसी पहाड़पुर के पत्थर के उपयोग से इस इमारत का निर्माण किया गया है।
- बिल्डिंग 145 फीट की ऊँचाई और 6.08 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्र वाली आठ मंजिला फ्रेम संरचना है।
- मुख्य गुंबद 104 फीट की व्यास का है। विधानसभा में 260 सदस्यों के बैठने की क्षमता है।
- विधानसभा के पहले अध्यक्ष श्री नरोत्तम लाल जोशी थे।
- श्रीमती सुमित्रा सिंह पहली महिला स्पीकर थीं।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष

क्र.	विधानसभा अध्यक्ष	कार्यकाल
1.	श्री नरोत्तम लाल जोशी	31.03.1952 से 25.04.1957
2.	श्री रामनिवास मिर्धा	25.04.1957 से 03.05.1967
3.	श्री निरंजन नाथ आचार्य	03.05.1967 से 20.03.1972
4.	श्री रामकिशोर व्यास	20.03.1972 से 18.07.1977
5.	श्री लक्ष्मणसिंह	18.07.1977 से 20.06.1979
6.	श्री गोपालसिंह	25.09.1979 से 07.07.1980
7.	श्री पूनमचंद विश्नोई	07.07.1980 से 20.03.1985
8.	श्री हीरालाल देवपुरा	20.03.1985 से 16.10.1985
9.	श्री गिरिराजप्रसाद तिवारी	31.01.1986 से 11.03.1990
10.	श्री हरिशंकर भाभड़ा	16.03.1990 से 21.12.1993 30.12.1993 से 05.10.1994
11.	श्री शांतिलाल चपलोत	07.04.1995 से 18.03.1998
12.	श्री समरथलाल मीणा	24.07.1998 से 04.01.1999
13.	श्री परसराम मदेरणा	06.01.1999 से 15.01.2004
14.	श्रीमती सुमित्रासिंह	16.01.2004 से 01.01.2009
15.	श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत	02.01.2009 से 20.01.2014
16.	श्री कैलाश मेघवाल	22.01.2014 से 15.01.2019

17.	श्री. सी. पी. जोशी	16 जनवरी 2019 से 25 दिसंबर 2023
18.	श्री वासुदेव देवनानी	25 दिसंबर 2023 ... वर्तमान

प्रशासन पर विधायी नियंत्रण :-

प्रशासन पर विधायिका। व्यवस्थापिक विभिन्न प्रकार से नियंत्रण रखती हैं, जिन्हें निम्नलिखित प्रकार से समझा जा सकता है। -

(1) राष्ट्रपति या राज्यपाल का प्रारम्भिक अभिभाषण :-

सदन की प्रथम बैठक व प्रत्येक वर्ष की प्रथम बैठक में राष्ट्रपति या राज्यपाल के प्रारम्भिक अभिभाषण का प्रावधान हैं। प्रारम्भिक अभिभाषण में सरकार के आगामी वर्ष के संभावित आय व्यय, योजनाओं आदि का विजन होता है।

(2) विभिन्न प्रश्न पूछकर :-

विधायिका में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से प्रशासन पर नियंत्रण रखा जाता है।

जैसे - तारांकित प्रश्न, अतारांकित प्रश्न, अल्पसूचना प्रश्न आदि।

(3) विभिन्न प्रस्तावों द्वारा :-

1. ध्यानआकर्षण प्रस्ताव :- शुरुआत 1954
सरकार का किसी सार्वजनिक मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने के लिए यह प्रस्ताव लाया जाता है।
2. कार्य स्थगन प्रस्ताव :- इस प्रस्ताव हेतु 50 सदस्यों की सहमति की आवश्यकता होती है।
इस प्रस्ताव के पश्चात् सदन की कार्यवाही निलंबित कर तत्काल प्रभाव से किसी समकालीन मुद्दे पर विचार - विमर्श कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाता है।
3. निंदा प्रस्ताव :- यह प्रस्ताव किसी मंत्री या मंत्रिपरिषद् के किसी कार्य की निंदा हेतु लाया जाता है।
4. अविश्वास प्रस्ताव :- इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 75 (3) में है। इसका उद्देश्य सरकार का सदन में बहुमत जाँचना है। इस हेतु भी 50 सदस्यों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। यह केवल लोकसभा व विधानसभा में ही लाया जा सकता है। अगर अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाये तो संपूर्ण मंत्रिपरिषद् को इस्तीफा देना पड़ता है।

(4) लेखा परीक्षण द्वारा नियंत्रण :-

भारत में लेखा परीक्षण का कार्य नियंत्रक महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा किया जाता है। CAG अपने वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से वित्तीय अनियमितता व भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

(5) विभिन्न समितियों द्वारा :-

विधायिका द्वारा विभिन्न समितियों के माध्यम से प्रशासन पर नियंत्रण रखा जाता है। अनुच्छेद 118 (1) में इन समितियों का प्रावधान है।

जैसे - लोक लेखा समिति (Public account Committi)
सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम समिति
प्राक्कलन समिति/ आंकलन समिति
तदर्थ समिति

प्रशासन पर कार्यपालिका का नियंत्रण:-

कार्यपालिका द्वारा निम्नलिखित माध्यमों से प्रशासन पर नियंत्रण रखा जाता है -

(1) राजनीतिक निर्देशन :- जहाँ नीति निर्माण का कार्य अस्थाई कार्यपालिका (मंत्रिपरिषद्) द्वारा किया जाता है वहीं नीति क्रियान्वयन का कार्य स्थाई कार्यपालिका (नौकरशाही) या प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाता है।
नीति क्रियान्वयन के दौरान मंत्रियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश, निरीक्षण, पर्यवेक्षण, संबंधित कार्य किये जाते हैं।

(2) वित्त मंत्रालय द्वारा नियंत्रण :-
वित्त मंत्रालय द्वारा प्रशासन पर आंतरिक अंकेक्षण, वित्तीय संहिता आदि माध्यम से नियंत्रण रखा जाता है।

(3) आचरण नियमावलियों द्वारा नियंत्रण :- प्रशासनिक अधिकारियों के आचरण को नियमित करने के लिए विभिन्न आचरण नियमावलियों का प्रावधान किया गया है।
जैसे - अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमावली, - 1954
केंद्रीय सेवाएँ आचरण नियमावली, - 1955
रेलवे सेवा आचरण नियमावली, - 1956
राजस्थान लोक सेवा आचरण नियमावली, - 1973

(4) निष्कासन एवं निलंबन :-
कार्यपालिका को प्रशासनिक अधिकारियों को निलंबन व निष्कासित करने का अधिकार है। जिसके माध्यम से यह प्रशासन पर नियंत्रण रखती है।

राजस्थान उच्च न्यायालय

- राजस्थान उच्च न्यायालय राजस्थान का न्यायालय है।
- इसका मुख्यालय जोधपुर मे है।
- यह 21 जून, 1949 को राजस्थान उच्च न्यायालय अध्यादेश, 1949 के अंतर्गत स्थापित किया गया । इसकी एक खण्डपीठ जयपुर में भी स्थित है।
- राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायधीशों की संख्या 50 तक हो सकती है।
- न्यायधीश कमलकांत वर्मा को राजस्थान के प्रथम मुख्य न्यायधीश होने का गौरव प्राप्त है।
- राजस्थान हाई कोर्ट के जयपुर बेंच की स्थापना 31 जनवरी 1977 को की गई।

राजस्थान के मुख्य न्यायधीश

क्र.	मुख्य न्यायधीश	कार्यकाल
1.	श्रीकमलकांतवर्मा	29.08.49 -24.01.50
2.	श्री कैलाशवांचू.	02.01.51 - 10.08.58

टेबिल टेनिस
श्री देवेश कारिया, 2004-05
कार्फबाल
श्री राजेश कुमार सैनी, 2005-06
पावर लिफ्टिंग
कु. रेखा आचार्य, 2005-06
कु. माला सुखवाल, 2008-09
भारोत्तोलन
श्री अजय सिंह, 2015-16
वुशू
श्री मुकेश चौधरी, 2015-16
निम्नास्टिक
श्री अभिलेख पाराशर, 2017-18

पद्मश्री पुरस्कार विजेता

क्र.सं.	खिलाड़ी का नाम	खेल
1.	श्र श्रीराम सिंह	एथलेटिक्स
2.	श्री रघुवीर सिंह	घुड़सवारी
3.	सुश्री भुवनेश्वरी कुमारी	स्क्वैष
4.	श्री राज्यवर्द्धन सिंह	निशानेबाजी
5.	श्री लिम्बा राम	तीरंदाजी
6.	श्री देवेन्द्र कुमार झाझड़िया	एथलेटिक्स (पैरा-ओलंपिक)
7.	श्रीमती कृष्णा पूनिया	एथलेटिक्स
8.	श्री बजरंगलाल ताखर	नौकायन

Note:- 2022 में 107 पद्म श्री पुरस्कार दिये गये।
राजस्थान के पद्म श्री (2022) प्राप्त व्यक्ति →

1. देवेन्द्र झाझंडिया	खेल
2. राजीव महर्षि	सिविल सेवा
3. चंद्रप्रकाश द्विवेदी	कला
4. अवनि लेखरा	खेल

राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता

यह भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। यह एवं खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। 1991-92 से युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है।
इसके तहत् निम्नलिखित प्रदान किया जाता है -

- 28 लाख रुपये
- 1 प्रशस्ति पत्र
- ब्लेजरमय टाई था पारम्परिक वेशभूषा

- **चयन समिति :-**

01 - अध्यक्ष - खेल मंत्रालय द्वारा नामित
02 - खेल प्रशासक
03 - खेल मंत्रालय का प्रतिनिधि
01 - SAI का महानिदेशक
04 - प्रतिष्ठित खिलाड़ी
03 - खेल विशेषज्ञ
01 - प्रतिष्ठित पैरा खिलाड़ी

Note -

- इस पुरस्कार के प्रथम प्राप्तकर्ता - विश्वनाथ आनंद
- इस पुरस्कार के सबसे युवा प्राप्तकर्ता - अभिनव बिंद्रा
  एकमात्र खिलाड़ी जिन्होंने दो खेलों के लिए यह अवार्ड प्राप्त किया हो - पंकज आडवाणी

निशानेबाजी
श्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, 2004-05
पैरा-एथलेटिक्स
श्री देवेन्द्र झांझडिया, 2017
Indian 2021 national game award
मेजर ध्यानचंद खेल रत्न 2021

एथलीट	खेल
नीरज चोपड़ा	एथलेटिक्स
रवि दहिया	कुश्ती
पीआर श्रीजेश	हॉकी
लवलीना बोर्गोहेन	मुक्केबाजी
सुनील छेत्री	फुटबॉल
मिताली राज	क्रिकेट
प्रमोद भगत	बैडमिंटन
सुमित अंतिल	एथलेटिक्स
अवनि लेखारा	निशानेबाज
कृष्णा नगर	बैडमिंटन
मनीष नरवाल	निशानेबाज
मनप्रीत सिंह	हॉकी

2022 के मेजर ध्यानचंद पुरस्कार विजेता

क्र. सं.	खिलाड़ी का नाम	खेल
1.	अश्विनी अंकुजी	एथलेटिक्स
2.	धर्मवीर सिंह	हॉकी
3.	बी. सी. सुरेश	कबड्डी
4.	नीर बहादुर गुरुंग	पैरा एथलेटिक्स

अर्जुन अवॉर्ड :-

एथलीट	खेल
शिखर धवन	क्रिकेट
अरपिंदर सिंह	एथलेटिक्स
सिमरनजीत कौर	मुक्केबाजी
भवानी देवी	तलवारबाजी
मोनिका	हॉकी

वंदना कटारिया	हॉकी
अभिषेक वर्मा	निशानेबाज
संदीप नरवाल	कबड्डी
अंकिता रैना	टेनिस
दीपक पूनियां	कुश्ती
दिलप्रीत सिंह	हॉकी
योगेश कथुनिया	डिस्कस थ्रो
निषाद कुमार	ऊंची कूद
प्रवीण कुमार	ऊंची कूद
शरद कुमार	ऊंची कूद
सुहास हलवाई	पैरा बैडमिंटन
सिंहराज अधाना	निशानेबाज
हरविंदर सिंह	तीरंदाजी
भाविना पटेल	टेबल टेनिस
हरमनप्रीत सिंह	हॉकी
रुपिंदर पाल सिंह	हॉकी
सुरेंद्र कुमार	हॉकी
अमित रोहिदास	हॉकी
बिरेंद्र लाकरा	हॉकी
सुमित	हॉकी
नीलकांता शर्मा	हॉकी
हार्दिक सिंह	हॉकी
विवेकसागर	हॉकी
गुरजंत सिंह	हॉकी
मंदीप सिंह	हॉकी
शमशेर सिंह	हॉकी
ललित कुमार उपाध्याय	हॉकी
वरुण कुमार	हॉकी
सिमरनजीत सिंह	हॉकी

द्रोणाचार्य अवॉर्ड: लाइफटाइम कैटेगरी

कोच	खेल
टीपी ओसेफ	एथलेटिक्स
सरकार तलवार	क्रिकेट
सरपाल सिंह	हॉकी
अशन कुमार	कबड्डी
तपन कुमार पैनगढ़ी	स्विमिंग
द्रोणाचार्य अवॉर्ड:	रेगुलर कैटेगरी

कोच	खेल
राधाकृष्ण नायर पी	एथलेटिक्स
संध्या गुरुंग	बॉक्सिंग
प्रितम सिवच	हॉकी
जय प्रकाश नौटियाल	पैरा शूटिंग
सुब्रहमनियन रमन	टेबल टेनिस

Rashtriya Khel Protsahan Puruskar 2021:

Category	Entity recommended for RashtriyaKhelProtsahanPuraskar, 2021
Identification and Nurturing of Budding and Young Talent	ManavRachna Educational Institution
Encouragement to sports through Corporate Social Responsibility	Indian Oil Corporation Limited

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2022 :-

क्र. सं. श्रेणी राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए संस्तुत संस्था, 2022

1. नवोदित और युवा प्रतिभा की पहचान और प्रशिक्षण - ट्रांसस्टेडियम इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
2. कॉर्पोरेट सामजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन - कलिंग औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्था
3. विकास के लिए खेल - लद्दाख स्की एंड स्नोबोर्ड एसोसिएशन

अध्याय – 5

योग - सकारात्मक जीवन पद्धति

योग (संस्कृत: योगः) एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है।

योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द 'युज' से हुई है, जिसका अर्थ जुड़ना है। योग के मूल रूप से दो अर्थ माने गए हैं (1)जुड़ना और (2)समाधि। अर्थात् जब तक हम स्वयं से नहीं जुड़ पाते, तब तक समाधि के स्तर को प्राप्त करना मुश्किल होता है।

यह शब्द - प्रक्रिया और धारणा - हिन्दू धर्म, जैन पंथ और बौद्ध पंथ में ध्यान प्रक्रिया से सम्बंधित है। योग शब्द भारत से बौद्ध पंथ के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्वी एशिया और श्री लंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत् में लोग इससे परिचित हैं। प्रसिद्धि के बाद पहली बार ।। दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। भगवद्गीता प्रतिष्ठित ग्रन्थ माना जाता है। उसमें योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है, कभी अकेले और कभी सविशेषण, जैसे बुद्धियोग, सन्यासयोग, कर्मयोग।

वेदोत्तर काल में भक्तियोग और हठयोग नाम भी प्रचलित हो गए हैं। पतंजलि योगदर्शन में क्रियायोग शब्द देखने में आता है। पाशुपत योग और माहेश्वर योग जैसे शब्दों के भी प्रसंग मिलते हैं। इन सब स्थलों में योग शब्द के जो अर्थ हैं, वह एक दूसरे से भिन्न हैं ।

परिभाषाएं-

महर्षि पतंजलि के अनुसार- चित्तवृत्तिनिरोधः यानी चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना ही योग है। अर्थात् मन को भटकने न देना ,एक जगह स्थिर रखना ही योग है ।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव के अनुसार- जब कोई पूरे शरीर को ठीक से थामना सीख जाते हैं, तो वे पूरे ब्रह्मांड की ऊर्जा को अपने अंदर महसूस कर सकते हैं।

ओशो के अनुसार- योग को धर्म, आस्था और अंधविश्वास के दायरे में बांधना गलत है। योग विज्ञान है, जो जीवन जीने की कला है। साथ ही यह पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। जहां धर्म हमें खूंटे से बांधता है, वहीं योग सभी तरह के बंधनों से मुक्ति का मार्ग है।

